सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 124 | इंदौर, शुक्रवार 10 नवंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Pakistan: तीन महीनों में भारत के तीन दुश्मनों का खात्मा, लश्कर आतंकी अकरम गाजी की गोली मारकर हत्या
2. पूर्व सीएम जीतन राम मांझी भाजपा नेताओं के साथ धरने पर बैठे, कहा- इस्तीफा दें नीतीश कुमार



# मप्र में बड़े नुकसान के डर से संघ ने संभाला मोर्चा

## ◆ नाराज कार्यकतार्ओं को मनाने और मैदान में लाने में जुटा संघ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव का मोर्चा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने संभाल लिया है। संघ ने अपने भोपाल स्थित मुख्यालय समिधा से भाजपा के चुनाव अभियान की मॉनिटरिंग शुरू कर दी है। इसमें मानीटरिंग का जिम्मा संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख अरुण जैन और क्षेत्र प्रचारक दीपक विस्पुते को सौंपा गया है। इसी के साथ संघ ने नाराज भाजपा कार्यकतार्ओं को मनाने और उन्हें घर से बाहर निकालने के लिए स्वयंसेवकों की टीम को मैदान में उतार दिया है।**

हाल ही में मुख्यमंत्री निवास पर अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख अरुण जैन, क्षेत्र प्रचारक दीपक विस्पुते और राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश ने सीएम शिवराज सिंह चौहान, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद से लंबी बैठक की। बैठक में इन सभी नेताओं ने भाजपा के चुनाव अभियान की समीक्षा की।

### घर बैठे कार्यकर्ताओं को मनाने में लगा संघ

चुनाव में मैदानी जमावट और माइक्रो इलेक्शन मैनेजमेंट के संदर्भ में संघ भाजपा को किस तरह से परोक्ष रूप से मदद कर सकता है। इस पर गहन मंत्रणा हुई है। इसके साथ बैठक में नाराज होकर घर बैठे भाजपा कार्यकतार्ओं को मनाने और उन्हें चुनाव मैदान में कैसे उतारा जाए इस पर विचार किया गया। भाजपा और संघ को इस बात का अच्छी तरह से अहसास हो गया है कि, यदि भाजपा कार्यकर्ता, जो पार्टी की ताकत है, को घर से बाहर नहीं निकाला, तो इस बार चुनाव में भाजपा को मुंह की खानी पड़ सकती है।

### ये संघ पदाधिकारी भी कर रहे मानीटरिंग

सूत्रों के अनुसार संघ ने अपने प्रांत प्रचारक और प्रांत कार्यवाहक स्तर के पदाधिकारियों को चुनाव की मॉनिटरिंग करने के लिए कहा है। जैसे मालवा प्रांत में जिसमें इंदौर और उज्जैन संभाग आते हैं। यहां प्रांत प्रचारक बलिराम पटेल इंदौर संभाग के निमाड़ अंचल को संभाल रहे हैं, तो सह प्रांत प्रचारक राजमोहन उज्जैन संभाग को देख रहे हैं। प्रांत प्रचार प्रमुख विनय दीक्षित रतलाम से लगी हुई आदिवासी सीटो पर सक्रिय है। इसी तरह मध्य भारत प्रांत में ग्वालियर चंबल अंचल का मोर्चा स्वप्निल कुलकर्णी देख रहे हैं, जो प्रांत प्रचारक हैं। जबकि सागर, भोपाल और नर्मदा पुरम संभाग को सह प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता देख रहे हैं। इनके अलावा पूरे मध्य क्षेत्र कार्यवाह हेमंत मुक्तिबोध देख रहे हैं। प्रदेश की 47 आदिवासी और 35 दलित सुरक्षित सीटों को अखिल भारतीय सेवा प्रमुख पराग अभ्यंकर देख रहे हैं। वह मालवा प्रांत के नौ सालों तक प्रांत प्रचारक रह चुके हैं।वह मूलतः ग्वालियर के हैं।

### घर बैठे नाराज कार्यकर्ताओं को मना रहे

संघ सीधे तौर पर राजनीति और चुनाव प्रचार में हिस्सा नहीं लेता है। लेकिन संघ के स्वयंसेवक अपने तरीके चुनाव मैदान मैं अप्रत्यक्ष मदद भाजपा की करते हैं। इसके लिए संघ भाजपा के उन कार्यकतार्ओं को घर से बाहर निकालने में लग गया है, जो संगठन से नाराज होकर घर बैठ गए थे। इसके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा खुद पूरे प्रदेश में जाकर भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन और बैठकें कर कार्यकतार्ओं से बात कर रहे हैं।

## आज भोपाल में जारी होगा भाजपा का चुनावी घोषणा पत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रदेश भाजपा का चुनावी घोषणा पत्र कल जारी होगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शुक्रवार 10 नवंबर को भोपाल आ रहे हैं। पार्टी के जानकारों के अनुसार, भाजपा का घोषणा पत्र महिला और युवाओं पर केंद्रित होगा। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा और रोजगार की गारंटी के वादे शामिल होंगे। भाजपा ने एक माह तक घोषणा पत्र समिति के जरिए समाज के अलग-अलग वर्ग से सुझाव लिए थे।**

बताया गया है की सुझाव लेने के लिए भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान मत पेटियां भी लगाई गई थीं। बता दें कि भाजपा की घोषणा पत्र समिति के प्रमुख पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया, सह प्रमुख प्रभात झा, दो सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी कविंद्र कियावत और एसएनएस चौहान सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सूत्रों की माने तो भाजपा वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में हर परिवार से एक सदस्य को रोजगार देने की गारंटी दे सकती है। पार्टी का घोषणा पत्र दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में तैयार हुआ है।

## गुजरात के मुख्यमंत्री का स्वागत कर दिया कार्यक्रम में आतिथ्य का आमंत्रण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** श्री गुजराती समाज के इंदौर शहर में 100 साल पूरे हो चुके है। इस साल शताब्दी वर्ष में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शीघ्र ही श्री गुजराती समाज एक बड़ा कार्यक्रम करने की योजना बना रहा है।

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्रभाई पटेल के नगर आगमन पर श्री गुजराती समाज के प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात कर शाल ओढ़ाकर गुलदस्तें भेंट कर स्वागत किया। श्री गुजराती समाज के अध्यक्ष श्री प्रदीपकुमार शाह के नेतृत्व में श्री पटेल को श्री गुजराती समाज की गुजरात से लेकर इंदौर तक आने से लेकर अभी तक की यात्रा की पूरी जानकारी दी गई। शताब्दी वर्ष के आयोजनों की जानकारी भी दी गई। उन्हें बताया गया कि वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रभाई मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब श्री गुजराती समाज के कार्यक्रम में पधार चुके हैं। उन्हें भी शताब्दी वर्ष के मुख्य कार्यक्रम में बुलाने की कोशिश चल रही है। प्रतिनिधिमंडल ने श्री पटेल से शताब्दी वर्ष के आगामी कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पधारने का आग्रह भी किया गया। श्री पटेल ने इस पर अपनी सहमति दी। कार्यक्रम की तारीख निश्चित होने पर इस बारे में अंतिम निर्णय होगा। प्रतिनिधिमंडल में श्री गुजराती समाज के अध्यक्ष श्री प्रदीपकुमार शाह सहित अन्य पदाधिकारीगण सर्वश्री गोविन्दभाई पटेल, दीपकभाई मोदी, अमितभाई दवे, जयेशभाई शाह, अतुल सेठ, मनोजभाई परीख आदि शामिल थे। इस अवसर पर गुजरात से आए श्री संजय पटेल और अश्विनभाई त्रिवेदी भी मौजूद थे।

## पटाखों का आनंद लेते वक्त रखें आँखों का खास खयाल : डॉ. अग्रवाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर के वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. ओ. पी. अग्रवाल ने लोगों, विशेषकर बच्चों से दिवाली के दौरान पटाखे जलाते समय सावधानी रखने का आग्रह किया है। रोहित आई हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर एवं वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ओ. पी. अग्रवाल ने कहा कि दीवाली पर पटाखे फोडऩे, आतिशबाजी देखने का मजा पूरे साल के इन्तजार के बाद आता है, परन्तु असावधानियों के चलते कई सारी दुर्घटनाएं भी होती हैं, जो बचे हुए पूरे जीवन का मजा खराब कर देती हैं। रेटिना स्पेशलिस्ट डॉ. रोहित अग्रवाल के अनुसार पटाखों से डरने का कोई कारण नहीं है, यदि सावधानी से पटाखे जलाए जाएँ तो दुर्घटनाओं की संभावनाएं ना के बराबर होती हैं. बड़ों की मौजूदगी में पूरी सावधानी रखने के बावजूद भी यदि कोई हादसा हो जाता है तो सबसे पहले उसका आकलन करना जरूरी है, सामान्य मामलों में प्राथमिक उपचार घर पर ही दिया जा सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि अधिकतर मामले सामान्य होते हैं, जिनमें प्राथमिक उपचार के लिए साफ पानी के छींटे मारकर आंख को अच्छी तरह से धोया जाना चाहिए। एक चौड़े मुंह के बाउल को पानी से भरकर आंख के करीब लाकर बार-बार पलकें झपकाना चाहिए, ऐसा करने से बाहरी कणों को पानी के साथ बहने का मौका मिल जाता है और तुरंत राहत मिल सकती है।

कटाक्ष




## कुष्ठ रोगी आश्रम में मनाया सार्थक दीपावली पर्व

### ◆ महामंडलेश्वर दादू महाराज संस्थान के आयोजन में खुशी से खिल उठे चेहरे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महामंडलेश्वर दादू महाराज संस्थान द्वारा बुधवार को कार्तिक माह की रमा एकादशी के अवसर पर हातोद रोड़ स्थित कुष्ठ रोगी आश्रम पर सार्थक दीपावली त्योहार धूमधाम से मनाया। संस्थान के राम मूंदड़ा ने बताया कि गत पांच वर्षों से संस्थान द्वारा अनाथ, कुष्ठ रोगी, निशक्त परिवारों के साथ दीपावली का त्योहार मनाया जा रहा है।**

### वस्त्रों व पटाखों का वितरण किया

अनार,फुलझड़ी,चकरी, मिठाई, मिट्टी के दीपक, तेल-बत्ती, फल, वस्त्रों का वितरण कर त्योहार मनाया। आश्रम परिवार के सदस्यों, बच्चों द्वारा खूब पटाखे फोड़े गए, तो वही वे खुशी से नाचे भी। कुछ देने की भावना ही दीपावली का मुख्य महत्व है, ऐसा महामंडलेश्वर दादू महाराज ने उपस्थित बच्चों और उनके परिजनों को बताया। इस मौके पर उपस्थित जनों को मतदान करने का संकल्प भी दिलाया गया।

### आयोजन में ये हुए शामिल

इस आयोजन में आशीष साहू,प्रताप तोलानी संजय अग्रवाल, ज्योति चौथवानी, अमोल जैन, यतीश होलकर, प्रकाश मानावत, इंदरसिंह चौधरी, सन्नी जादम, राहुल बुंदेला,नानेश तायड़े, माधव इंदौरी, प्रज्वल मालवीय, मधुकर बुधे, हेमंत चांगण, नवीन मंडलोई, अशोक भुसारी, जयदीप करंदीकर, सुरेश वर्मा सहित संस्थान के कई भक्त उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विजय अम्बेकर ने किया। आभार रितेश चौथवानी ने माना।

## शो जनता की आवाज बना पसंदीदा शो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शेयरचैट के लाईव ऑडियो चैटरूम पर जाने-माने न्यूज एंकर अनुराग मुस्कान के शो ह्यजनता की आवाज में भारतीय राजनेता श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कमल नाथ को चुनौती देते हुए उन्हें हेलीकॉप्टर वाले बाबा कह कर पुकारा, जो इस क्षेत्र की जमीनी हकीकतों से परे हैं। इस सत्र में शेयरचैट पर 1 लाख से अधिक उपयोगकर्ता शामिल हुए। पटेल ने राज्य की संभावनाओं पर आशा जताते हुए कहा कि मध्य प्रदेश आगामी वर्षों में विकास की स्थिति में है। उन्होंने राज्य की समृद्धि पर बात करते हुए जल संरक्षण, वन संरक्षण एवं स्थायी कृषि के महत्व पर जोर दिया।

## सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी संघ की मीटिंग

### शासन द्वारा पारित आदेशों पर 11 नवंबर को होगी विस्तार से चर्चा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट **इंदौर।** सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी संघ, इंदौर की मासिक बैठक 11 नवंबर को शाम 4:30 बजे होगी। संस्था के अध्यक्ष दीपक उपाध्याय और महामंत्री नरेन्द्र एदलाबादकर ने बताया कि श्रीपाद पैठणकर के निवास राजेंद्रनगर इंदौर पर बैठक होगी। इस बैठक में नियमित चर्चा के अलावा शासन द्वारा पारित आदेशों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी और 17 दिसंबर को मनाए जाने वाले पेंशनर दिवस के कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से विचार किया जाएगा। इसी प्रकार जिन सदस्यों का जन्मदिन अक्टूबर माह में था, उनका सम्मान किया जाएगा। कुछ अन्य सदस्यों का सम्मान भी किया जाएगा।

# इंदौर में पीएम मोदी के रोड शो की तैयारी, कड़े मुकाबले वाली सीटों से गुजरेंगे प्रधानमंत्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के मतदान से ठीक तीन दिन पहले 14 नवंबर को प्रधानमंत्री मोदी राज्य औद्योगिक की राजधानी इंदौर में रोड शो करेंगे। पीएम मोदी का यह रोड शो छह विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेगा। पीएम मोदी के इस रोड को एतिहासिक बनाने के लिए अलग अलग क्षेत्रों के नेताओं को जिम्मेदारी सौंप दी गई है।**



भाजपा इंदौर क्षेत्र क्रमांक एक, तीन, इंदौर क्षेत्र क्रमांक पांच और राऊ विधानसभा सीट को चुनौती मान रही है, इसलिए मोदी के रोड शो में इन्हें विशेष रूप से शामिल किया गया है। जानकारी के अनुसार, पीएम मोदी का रोड शो दो हिस्सों में होगा। पहले हिस्से की शुरुआत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक एक से होगी। इस सीट से भाजपा के कद्दावर नेता कैलाश विजयवर्गीय मैदान में हैं। विजयवर्गीय का मुकाबला कांग्रेस के संजय शुक्ला से है। हाल ही में शुक्ला के समर्थन में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी रोड शो किया था। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो के रूट में बदलाव हो रहा है। पीएम का रोड शो दो हिस्सों में होगा।

पहला रोड शो विधानसभा क्षेत्र क्रमांक एक के बड़ा गणपति मदिर से शुरू होगा। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक तीन के राजवाड़ा पर खत्म होगा। इस दौरान पीएम मोदी माता अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। पीएम का रोड शो क्षेत्र क्रमांक पांच से भी गुजरेगा। इस सीट से महेंद्र हार्डिया भाजपा के उम्मीदवार है। जबकि कांग्रेस से सत्यनारायण पटेल मैदान में है। पटेल प्रियंका गांधी के करीबी है। हाल ही में प्रियंका पटेल के विधानसभा क्षेत्र में भी जनसभा के लिए पहुंची थी।

जबकि पीएम मोदी का दूसरा रोड शो राऊ विधानसभा क्षेत्र से शुरू होगा। यहां से कांग्रेस नेता जीतू पटवारी विधायक हैं। पटवारी इस बार फिर मैदान में हैं। जबकि भाजपा ने यहां से मधु वर्मा को टिकट दिया है। दोनों के बीच कड़ी टक्कर बताई जा रही है। यह रोड शो शहर की तीन नंबर विधानसभा से भी गुजरेगा। यहां से भाजपा ने गोलू शुक्ला को टिकट दिया है। पहले इस सीट से कैलाश विजयवर्गीय के बेटे आकाश विजयवर्गीय विधायक थे। इस बार उनका टिकट कट गया है। जबकि कांग्रेस ने पिंटू जोशी को मैदान में उतारा है। शुक्ला और जोशी के बीच कड़ा मुकाबला बताया जा रहा है।

### यहां से गुजरेगा मोदी का रोड शो

जानकारी के अनुसार, पीएम मोदी के पहले रोड शो की शुरुआत बड़ा गणपति मंदिर से होगी। इसके बाद पीएम रोड शो करते हुए राजवाड़ा पहुचेंगे। यहां मोदी माता अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। दूसरे हिस्से की शुरुआत राऊ विधानसभा क्षेत्र के पंडित दीनदयाल उपभवन भंवरकुआं बीआरटीएस से शुरुआत होगी। वहां से भंवरकुआं चौराहा, टावर चौराहा, अग्रसेन चौराहा, छावनी, गीता भवन चौराहा, इंद्रप्रस्थ टावर चौराहा, रोशन सिंह भंडारी मार्ग, मालवा मिल चौराहा, बालीनाथ चौराहा होते हुए विश्रांति चौराहे पर समापन इसका समापन होगा। पीएमओ से गुरुवार शुक्रवार तक रूट फाइनल होने की उम्मीद है।

इसके अलावा पीएम मोदी 13 और 14 व 15 नवंबर को रैलियां करेंगे। पीएम मोदी प्रचार के आखिरी दिन इंदौर में रोड शो करेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मध्यप्रदेश में 11, 12 और 13 नवंबर को भी रैली करेंगे। जबकि यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ 14 नवंबर को सभा करेंगे। असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा 8 को खंडवा और 9 को राजगढ़ में रहेंगे।

### तीन जगह पीएम ने की रैली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मध्यप्रदेश के दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने सुबह 11:30 बजे दमोह में रैली को संबोधित किया। इसके बाद वे दोपहर में गुना की रैली में पहुंचे। अब शाम को वे मुरैना में रैली को संबोधित करेंगे। मध्यप्रदेश में 230 सीटों के लिए चुनाव 17 नवंबर को होगा और मतगणना 3 दिसंबर को किया जाएगा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव को विचारधाराओं की लड़ाई बताया और लोगों से बड़ी संख्या में उत्साह के साथ मतदान करने की अपील की है।

## दीवाली में इंदौरमें बढ़ी बस यात्रा की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। दीवाली के उत्साह के बीचबड़ी संख्या मेइंदौर के लोग यात्रा कररहेहैं। दुनिया के सबसे बड़ेऑनलाईन बस टिकट प्लेट फॉर्मरैड बस ने दीवाली के लिए बुकिंग्स में जबरदस्त बढ़ोतरीदर्ज की है। पिछलेसाल की तुलनामेंप्लेटफॉर्मपरटिकटरिजर्वेशनमें 32 फीसदी की बढ़ोतरीहुईहै, लगभग 2 लाख से अधिकलोग इस अवधि के दौरान यात्रा करनेवालेहैं। इस पावनअवसरपर शहरमेंत्योहार के माहौलको देखतेहुए यात्रा के जोश का इस तरह से बढन्नाकोईहैरानी की बात नहीं। त्योहारों के उत्साह के बीचइंदौर के लोग यात्रा के ढेरों विकल्पों की तलाशमें हैं। इंदौर से सबसे ज्यादाबुकिंग्सभोपाल, ग्वालियर, उज्जैनऔरसागर के लिए की गईहैं, इस अवधि के दौरानकुल बस टिकट्समें से 45 फीसदी योगदानइन्हींचारगंतव्यों का रहा है।

## पांच साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले को 20 वर्ष का कठोर कारावास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले को विशेष न्यायालय ने 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने पीड़िता को मप्र पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत तीन लाख रुपये की राशि दिलवाए जाने की अनुशंसा भी की है।**

वारदात करीब तीन वर्ष पुरानी है। पीड़िता की मां ने बाणगंगा पुलिस थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा था कि मैं सांवेर रोड़ स्थित फैक्ट्री में काम करती हूं। मेरा छह वर्षीय बेटा और पांच वर्षीय बेटी भी मेरे साथ फैक्ट्री जाते हैं। घटना वाले दिन भी मेरे बच्चे मेरे साथ गए थे। सुबह करीब साढ़े दस बजे मैंने बेटे से पूछा कि बहन कहां हैं तो उसने बताया कि वह तो फैक्ट्री में काम करने वाले जगपाल के पास है। मैं वहां गई तो जगपाल आपत्तिजनक स्थिति में था। भीड़ देखकर वह मौके से भाग निकला।

### बच्ची ने बताया- आरोपित ने गलत हरकत की

बेटी ने मुझे बताया कि जगपाल ने मेरे साथ गंदी हरकत की है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया। जिला अभियोजन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि विशेष न्यायालय ने प्रकरण में निर्णय पारित करते हुए आरोपित जगपाल निवासी बाणगंगा को 20 वर्ष के कठोर कारावास और पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक प्रीति अग्रवाल ने की।

# दूसरे दिन भी चार हजार से अधिक कर्मियों को सिखाए गए सुव्यवस्थित मतदान के तौर-तरीके

### कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी तथा प्रेक्षकों ने प्रशिक्षण में पहुंचकर लिया जायजा, पुलिस कर्मियों का मतदान भी हुआ प्रारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जिले में मतदान दलों के प्रशिक्षण का सिलसिला दूसरे दिन भी जारी रहा। मतदान दलों में नियुक्त चार हजार से अधिक कर्मियों को सुव्यवस्थित और नियमों के अनुरूप मतदान कराने के तौर-तरीके सिखाए गए। जहां एक ओर उन्हें नियम और कानूनों की जानकारी दी गई वहीं दूसरी ओर उन्हें ईव्हीएम से मतदान कराने के व्यवहारिक रूप से तौर-तरीके भी बताए गए।**



गुरुवार को भी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी तथा प्रेक्षकगण आलोक कुमार पाण्डे और विजय पाल सिंह ने प्रशिक्षण स्थल पहुंचकर प्रशिक्षण का जायजा लिया। इस अवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी और इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.पी. अहिरवार, अपर कलेक्टर गौरव बेनल तथा प्रशिक्षण प्रभारी डिप्टी कलेक्टर सुदीप मीणा भी मौजूद थे। प्रशिक्षण के दौरान डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान का सिलसिला जारी रहा। उल्लेखनीय है कि प्रशिक्षण के दौरान पहले दिन 2207 मतदान कर्मियों ने मतदान किया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि मतदान सामग्री वितरण का कार्य नेहरू स्टेडियम में होगा। सामग्री वितरण के लिए मतदान केन्द्रवार टेबिल लगायी जाएंगी। सेक्टर ऑफिसर अपने सेक्टर के मतदान केंद्र में लगने वाले दलों से संपर्क कर कम्युनिकेशन हेतु उनके मोबाइल नंबर आदि प्राप्त कर लेंगे। मतदान दलों में लगे पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारियों और माइक्रो आब्जर्वर मिलाकर आज 4 हजार 429 अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। पहले दिन भी चार हजार से अधिक अधिकारी/कर्मचारी प्रशिक्षित किए गए। मुख्य मास्टर ट्रेनर डॉ. आर.के. पाण्डे ने बताया कि मतदान कर्मियों को निर्वाचन आयोग द्वारा प्रशिक्षित 80 मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण आज भी दो सत्रों में हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने मतदान कर्मियों को ईव्हीएम संचालन के संबंध में जानकारी दी। मतदान दलों को मतदान कराने की प्रक्रिया, उनके अधिकार-कर्तव्य, मतदान संबंधी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों, मतदान संबंधी नियम और कानूनों आदि के बारे मे विस्तार से जानकारी दी जा रही है। आज से पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों का भी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान प्रारंभ हुआ। पुलिस कर्मियों ने भी मतदान में उत्साह के साथ भागीदारी की।

नीतीश पर भड़के शिवराज, बोले-

# महिलाओं का अपमान करने वाले को कुर्सी पर रहने का अधिकार नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा है। शिवपुरी में एक आमसभा के दौरान सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि महिलाओं का अपमान करने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एक मिनट भी अपनी कुर्सी पर रहने का अधिकार नहीं है।**



उन्होंने विधानसभा में अपमानजनक टिप्पणी की। सभा के दौरान सीएम शिवराज ने कहा कि इस बेशर्मी पर नीतीश कुमार के साथ कांग्रेस खड़ी है। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस नेता सोनिया गांधी से पूछना चाहते हैं कि नीतीश कुमार की इस टिप्पणी पर आप क्या-क्या कहना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अभी तक इसकी आलोचना तक नहीं की है। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने इसके अलावा कहा कि मध्य प्रदेश के नेता दिग्विजय सिंह और कमलनाथ से तो वह इस बारे में पूछना तक नहीं चाहते हैं, क्योंकि वह तो पूर्व से ही महिलाओं का अपमान करते रहे हैं।

### मामा है तो लाडली बहना योजना है

शिवपुरी में आमसभा के दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भूल से भी प्रदेश में कांग्रेस आ गई तो लाडली बहना योजना बंद कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मामा है तो लाडली बहना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सत्ता के आने के रास्ते पर ताला लगा दो। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की जब 15 महीने की सरकार प्रदेश में आई तो उन्होंने संबल योजना बंद कर दी। प्रदेश को बदहाल कर दिया। तीर्थ यात्रा योजना बंद कर दी, बच्चों को दिए जाने वाले लैपटॉप की राशि भी बंद कर दी।

### केपी सिंह पर निशाना साधा

शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी केपी सिंह पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आमसभा के दौरान कहा कि जो पिछोर में रहते हुए कुछ नहीं कर सके अब वह शिवपुरी में बदलाव की बात कह रहे हैं। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि भाजपा के प्रत्याशी देवेंद्र जैन को जिताएं। भाजपा सरकार विकास के वादे पर आगे बढ़ती है भाजपा ने जो कहा है वह किया है। डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश में विकास के नए रास्ते खोले हैं।

◆ घर से मतदान में लोगों ने दिखाया उत्साह

## 1300 से अधिक पीडब्ल्यूडी और बुजुर्गों ने डाला वोट



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी। ऐसे मतदाता जो मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान करने में सक्षम नहीं हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 में ऐसे पीडब्ल्यूडी एवं 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को डाक मतपत्र से निर्वाचन की सुविधा दी गई है, जिससे सभी अपना मत डाल सकें।**

समस्त विधानसभाओं में घर-घर पहुंचकर मतदान दल कर्मी वोट डलवा रहे हैं। डाक मतपत्र के माध्यम से जिले में 80 वर्ष से अधिक के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं में 1300 से अधिक मतदाताओं ने अपना मत डाला है। पूर्व में इनसे फॉर्म 12d भरवाए गए थे। विधानसभा 23 करैरा में 188, 24 पोहरी में 343, 25 शिवपुरी में 395, 26 पिछोर में 160, 27 कोलारस में 237 ऐसे मतदाता हैं।

## भोपाल उत्तर विधानसभा सीट पर सिंधिया का रोड शो, कालका से हनुमान मंदिर तक वोटरों को साधा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भोपाल में सात विधानसभा सीट हैं। इनमें सबसे रोचक और कड़ा मुकाबला पुराने भोपाल उत्तर विधानसभा सीट पर देखने को मिल रहा है। भाजपा ने यहां पर अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। सीएम के बाद सिंधिया ने यहां भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के लिए रोडशो किया। इस सीट पर हिंदू मुस्लिम का सीधा गणित देखने को मिलता है। कांग्रेस यहां बीते कई चुनाव से बढ़त बनाए हुए है।**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को भोपाल की उत्तर विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के पक्ष में रोड शो किया। रोडशो की शुरुआत शाम छह बजे शाहजानावाद पानी की टंकी क्षेत्र शिव कालका मंदिर से हुई, जो हनुमान मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। करीब तीन किलोमीटर के इस रोड शो में सिंधिया ने हिंदू वोटरों को साधने का प्रयास किया। उन्होंने सबसे पहले मंदिर में दर्शन किए और इसके बाद में रोडशो के लिए निकले।

सिंधिया के इस रोड में महिलाएं भी बड़ी संख्या में मौजूद रहीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि लाडली बहनों का आशीर्वाद उनकी पार्टी और प्रत्याशी को मिलेगा। इसके पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उत्तर विधानसभा सीट पर रोड शो कर चुके हैं। उन्होंने अपने प्रचार की शुरुआत यहीं से की थी।

### सीट का समीकरण

भोपाल की सात सीटों में से एक उत्तर विधानसभा सीट पर सीधे तौर पर हिंदू मुस्लिम समीकरण देखने को मिलता है। यहां पर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या हिंदू वोटरों की तुलना में करीब 16 हजार अधिक है। ऐसे में भाजपा का पूरा ध्यान हिंदू मतदाताओं को एकजुट करने में है। भाजपा का प्रचार भी इसी बात को ध्यान में रखते हुए किए जा रहा है। शर्मा ऐसे इलाकों में अपना पूरा दम लगा रहे हैं, जहां हिंदू अधिक संख्या में रहते हैं। वे यहां पर कभी त्रिशूल तो कभी हनुमान का गदा लेकर प्रचार कर रहे हैं। इसके साथ ही दूसरी ओर कांग्रेस से दो बागी प्रत्याशी आमिर अकील और नसीर इस्लाम के मैदान में होने से यहां त्रिकोणीय मुकाबला बनता नजर आ रहा है।

## कुल्हाड़ी से हमला कर बुजुर्ग महिला को उतारा मौत के घाट, पुलिस ने जांच की शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल।** शहडोल के बुढ़ार थाना क्षेत्र के खैरी गांव के इमली टोला में वृद्ध महिला की कुल्हाड़ी से हत्या का मामला सामने आया है। महिला का नाम कोदिया बाई पति भोलऊ सिंह बताया गया और उनकी उम्र करीब 70 की होना बताई गई है। बता दें कि गांव के रहने वाले युवक ने पुरानी रंजिश को लेकर इस घटना को अंजाम दिया है।

इधर, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची और मामले की जांच करने में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि गांव के रहने वाले आरोपी युवक बीरबल सिंह ने पुरानी रंजिश रखते हुए महिला को कुल्हाड़ी से मारकर मौत के घाट उतार दिया। महिला घर में अकेली थी, तभी आरोपी महिला के घर बीती रात पहुंचा और महिला पर कुल्हाड़ी से कई बार वार किए, जिससे महिला की मौके पर मौत हो गई।

### खून से सनी कुल्हाड़ी लेकर निकला आरोपी

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बीरबल सिंह खून से सनी कुल्हाड़ी लेकर महिला के घर से निकला तभी गांव के ही कुछ लोगों ने उसे देख लिया। इसके बाद आरोपी वहां से भाग निकला। गांव के लोगों ने जब महिला के घर के भीतर देखा तो महिला की खून से लथपथ लाश पड़ी हुई थी। वहीं, गुरुवार की सुबह फॉरेंसिक टीम के साथ बुढ़ार थाना प्रभारी संजय जयसवाल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

## पुरानी रंजिश के चलते उप सरपंच पति की हत्या, क्षेत्र में फैली सनसनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अशोक नगर।** अशोकनगर जिले की ईसागढ़ तहसील में धारदार हथियार से उप सरपंच पति की नृशंस हत्या कर दी गई। हत्या की वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश में तीन साल पहले फौज से निकाले गए युवक ने उप सरपंच पति की हत्या को अंजाम दिया है।

### चली आ रही थी पुरानी रंजिश

इधर, मृतक के बेटे ने बताया कि आरोपी की उसके पिता से पुरानी रंजिश थी। जिसके चलते घटना को अंजाम दिया है। बता दें कि मृतक के घर के सामने सोनू जाटव नाम का व्यक्ति रहता है जो कुछ साल पहले बीएसएफ में था, जिसको कुछ साल पहले नौकरी से निकाल दिया गया था। मृतक के बेटे का कहना है कि नौकरी से निकाले जाने पर वो उसके पिता पर शक करता था कि मृतक के द्वारा ही उसकी नौकरी चली गई है।

### हत्या की बनाई गई थी रणनीति

बेटे का कहना है कि उसके पिता की हत्या में आरोपी को उकसाने वाले शिवचरण जाटव, बाली, कृष्णा महोबिया ने हत्या की रणनीति बनाई थी। इन्हीं लोगों ने आरोपी को उकसाया भी था। मृतक के बेटे का ये भी कहना है कि आरोपी सोनू जाटव ने मेरे पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी।

## संविदा कर्मचारियों ने किया चुनाव का बहिष्कार, नहीं मिला पांच महीने से वेतन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत नियमित पदों पर काम करने वाले संविदा पैरा मेडिकल स्टाफ और डॉक्टरों ने पिछले पांच महीनों से वेतन न मिलने के कारण चुनाव का बहिष्कार किया है। मध्य प्रदेश संविदा पैरा मेडिकल स्टाफ कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन तिवारी ने बताया कि कई जिलों में पिछले पांच महीने से बिना वेतन के काम कर रहे हैं। बच्चों की फीस जमा करने के लिए कर्मचारियों के पास पैसे नहीं हैं। इस सम्बंध में विभाग के अधिकारी कह रहे हैं कि वेतन हेड में पैसा नहीं है तो दूसरे मद से इसमें वेतन मद में पैसा ट्रांसफर करने के लिए वित्त विभाग में फाइल भेज रहे हैं। वित्त विभाग बार-बार आपत्ति लगाकर फाइल वापस भेज रहा है जिसके कारण पिछले पांच महीने से संविदा पैरा मेडिकल स्टाफ और मेडीकल ऑफिसर डॉक्टरों को पिछले जुलाई माह से वेतन नहीं मिला है जिससे नियमित पदों के विरुद्ध कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी बड़े अक्रोशित हैं।

**नहीं मनाएंगे दीवाली-** तिवारी ने कहा कि शुक्रवार को धनतेरस का त्यौहार है उसके बाद दीपावली है उसके बावजूद संविदा कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। तिवारी ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव महोदय को पत्र लिखकर भी मांग की गई है।

New Delhi

# राजधानी की हवा हुई साफ: बारिश से प्रदूषण में राहत, कई जगहों पर लोगों ने 100 से कम AQI में ली सांस

**नई दिल्ली, (एजेंसी) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता में शुक्रवार सुबह सुधार देखा गया है। हालांकि, गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात में शहर में हुई मध्यम बारिश के बाद कुछ स्थानों पर एक्यूआई में मामूली गिरावट दर्ज की गई। दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई 100 से नीचे पहुंच गया है।**

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सुबह आठ बजे तक अशोक विहार में एक्यूआई 67, आरके पुरम में 60, पंजाबी बाग में 57, आईटीओ में 92 एक्यूआई दर्ज किया गया। वहीं सुबह सात बजे



आनंद विहार में एक्यूआई 73 दर्ज किया गया है।

दिल्ली में प्रदूषण से बचने के लिए सरकार की कृत्रिम बारिश की तैयारियों के बीच मौसम ने अचानक करवट ली है। दिल्ली-एनसीआर में बारिश हुई है। इससे मौसम में ठंडक का अहसास बढ़ गया है। कल देर रात शुरू हुई बारिश का सिलसिला बीच में बूंदाबांदी में बदल गया था मगर सवेरे के समय एक बार फिर तेज बारिश होने लगी। साथ में बादल गरज रहे थे। और बिजली चमक रही थी। देर रात से सुबह तक हुई बारिश के कारण गाजीपुर बॉर्डर पर जाम के हालात हैं। इससे एक्यूआई में बड़े पैमाने पर सुधार बताया जा रहा है।

Uttarakhand

## 32 मिनट में 20 करोड़ की डकैती... देहरादून के रिलायंस ज्वेलरी शोरूम में धनतेरस से पहले बड़ी वारदात

**देहरादून, (एजेंसी)** उत्तराखंड के देहरादून में धनतेरस से पहले सिर्फ 32 मिनट के भीतर लुटेरों ने रिलायंस ज्वेलरी शोरूम में हाथ साफ कर दिया और 20 करोड़ रुपये का गहना लेकर फरार हो गए. बदमाशों ने शोरूम में काम करने वाले कर्मचारियों को डराने के लिए कुछ को गन प्वाइंट पर ले लिया और कुछ की पिटाई कर दी. ये पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. डकैतों के जाने के बाद भी कुछ महिला कर्मचारी डर के मारे अपने आंसू नहीं रोक पा रही थीं. उनके अनुसार, चार बदमाश शोरूम के अंदर घुसे और उनके कुछ साथी बाहर भी खड़े थे. लूट की ये घटना राजपुर रोड पर स्थित रिलायंस ज्वेलरी शोरूम में हुई. राजपुर रोड पर स्थित शोरूम सुबह सवा दस बजे खुला था. शोरूम के 11 कर्मचारी ग्राहकों के पहुंचने से पहले गहने व्यवस्थित कर रहे थे. डिस्प्ले बोर्ड में हीरे और सोने के बीस करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के गहने थे. सुबह 10 बजकर 24 मिनट पर नकाब पहने चार बदमाश शोरूम के अंदर घुस गए. उन्होंने सबसे पहले सिक्योरिटी गार्ड हयात सिंह को अंदर खींचा. इसके बाद शोरूम में पूरे स्टाफ को हथियार के बल पर बंधक बना लिया.

Jammu



## कश्मीर में अलग-अलग जगहों पर एसआईए का छापा, टेरर फंडिंग मामले में कार्रवाई

**श्रीनगर, (एजेंसी)** जम्मू कश्मीर की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) कश्मीर ने शुक्रवार को टेरर फंडिंग मामले में घाटी के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की। आज सुबह बिगड़े मौसम के बीच एसआईए की टीमें विभिन्न स्थानों पर दल बल के साथ पहुंची। पुलिस और सीआरपीएफ के साथ कश्मीर के विभिन्न इलाकों में तलाशी जारी है। एसआईए अनंतनाग, पुलवामा समेत कई स्थानों पर छापेमारी कर रही है।

Uttarpradesh

## गोरखपुर में भीषण सड़क हादसा, खड़ी बस में ट्रक ने मारी टक्कर, 6 की मौत

**गोरखपुर, (एजेंसी) गोरखपुर-कुशीनगर हाईवे पर जगदीशपुर के पास गुरुवार देर रात करीब 11 बजे सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी बस में टक्कर मार दी। दुर्घटना में छह बस यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 26 यात्री घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल और मेडिकल कालेज भेजा गया है। इनमें से भी कई की स्थिति गंभीर है। दुर्घटना की सूचना पर एसपी सिटी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए।**

बताया जा रहा है कि गोरखपुर से एक अनुबंधित बस सवारियों को लेकर कुशीनगर के पडरौना जा रही थी। जगदीशपुर के मल्लपुर के पास बस का पहिया पंक्चर हो गया। बस को सड़क के किनारे खड़ी करके चालक और कंडक्टर दूसरी बस में सवारियों को बैठा रहे थे। कुछ सवारियां बस में बैठ गई थीं जबकि कुछ दोनों बसों के बीच खड़ी थीं। इसी बीच एक तेज रफ्तार ट्रक ने बस में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए । उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां तीन अन्य की भी मौक हो गई। कई अन्य यात्रियों की हालत भी गंभीर है।

खेल

## न्यूज़ीलैंड ने सेमीफाइनल का दावा किया मजबूत, हार के बाद श्रीलंका का चैंपियन ट्रॉफी में खेलना मुश्किल

**बंगलूरू, (एजेंसी)** न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 26.4 ओवर (160 गेंद) शेष रहते 5 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को मजबूत कर लिया है। मैन ऑफ द मैच ट्रेंट बोल्ट (3/37) और मिचेल सेंटनर (2/22) की घातक गेंदबाजी के आगे श्रीलंका 46.4 ओवर में 171 रन पर सिमट गई। इसके बाद न्यूजीलैंड ने डेवोन कॉन्वे (45) और रचिन रवींद्र (42) के बीच 74 गेंद में 86 रन की ओपनिंग साझेदारी की बदौलत 172 का लक्ष्य 23.2 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। सेमीफाइनल की होड़ में बनी पाकिस्तान और अफगानिस्तान को अब इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका पर बड़े अंतर से जीत हासिल करनी होगी। इसके बाद ही वे न्यूजीलैंड को पीछे छोड़ सकेंगे। वहीं हार के साथ श्रीलंका का शीर्ष आठ में बने रहना मुश्किल हो गया है। जिससे उसकी चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने की उम्मीदें धुंधला गई हैं।




172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए डेवान कॉन्वे और रचिन रवींद्र ने न्यूजीलैंड को तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने 6.3 ओवर में 50 रन जोड़ लिए। 10 ओवर में दोनों ने 73 रन की साझेदारी कर डाली। कॉन्वे 42 गेंद में नौ चौकों की मदद से 45 रन बनाकर चमीरा का शिकार बनें। तुरंत बाद ही रवींद्र भी तीक्ष्णा की गेंद पर आउट हो गए। उन्होंने 34 गेंद में तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 42 रन बनाए। तीक्ष्णा का वनडे में यह 50वां विकेट रहा। 15 ओवर में न्यूजीलैंड ने दो विकेट पर 103 रन बना लिए। विलियम्सन (14) के आउट होने पर न्यूजीलैंड को 31.4 ओवर में 41 रन बनाने थे। डेरिल मिचेल 43 रन पर आउट हुए।

42 रन की पारी के साथ रचिन रवींद्र के इस विश्व कप में सर्वाधिक 565 रन हो गए। उन्होंने सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। वह एक विश्वकप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले अंडर-25 बल्लेबाज बन गए। सचिन ने 2003 में 523 रन बनाए थे, जबकि बाबर आजम ने 2019 में 474 रन बनाए थे।

केन विलियम्सन का टॉस जीतकर श्रीलंका को बल्लेबाजी के लिए बुलाने का फैसला सटीक रहा। 32 रन के अंदर पथुम निसांका (2), कप्तान कुसल मेंडिस (6) और सदीरा समरविक्रमा (1) को बोल्ट और साउदी ने पवेलियन भेज दिया। बावजूद इसके कुसल परेरा आक्रामक तरीके से रन बना रहे थे। श्रीलंका 70 रन पर पहुंचा था और परेरा ने अपना आनन-फानन में अर्धशतक भी पूरा कर लिया। यहां से मैच की सूरत एकदम से पलटी। बोल्ट ने पहले असालंका (8) और उसके बाद फर्ग्यूसन ने 28 गेंद में नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से 51 रन बनाने वाले परेरा को आउट कर स्कोर 10वें ओवर में पांच विकेट पर 70 रन कर दिया।

सिनेमा

## 'एटीट्यूड ठीक करो', काजोल के ऐसा कहने पर बेटी नीसा ने दिया मुंह तोड़ जवाब; बोलीं...



काजोल की बेटी नीसा देवगन काफी फेमस हैं। उन्होंने अभी तक हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की दुनिया में कदम नहीं रखा है। लेकिन, सोशल मीडिया पर उनके अच्छे खासे फॉलोअर्स हैं। वह इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए अपने फैंस को अपनी सोशल लाइफ के बारे में काफी कुछ बताती हैं। परंतु अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़ी कम ही चीजें शेयर करती हैं। हालांकि, उनकी मां उनके बारे में बिना किसी झिझक के बातें बताती रहती हैं। हाल ही में, काजोल ने नीसा से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा शेयर किया। काजोल ने बताया कि जब उन्होंने उनकी बेटी को उनका एटीट्यूड ठीक करने की सलाह दी तब उनकी बेटी ने पलटकर क्या जवाब दिया। काजोल ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'मैंने अपनी बेटी से कहा, 'अपना एटीट्यूड ठीक करो।' इसके जवाब में उसने कहा, 'एटीट्यूड की शिकायत के लिए कृपया मेरे निर्माताओं से संपर्क करें।' बता दें, काजोल की बेटी नीसा बिल्कुल उनके जैसी हैं। काजोल ने कई बार इस बात का दावा किया है। काजोल ने इंस्टट बॉलीवुड को दिए इंटरव्यू में कहा था, 'एक बार मैं बहुत परेशान थी। मैंने कहा, नीसा मैं दुआ करती हूं कि तुम्हारी बेटी बिल्कुल तुम्हारी जैसी हो। जब मैं अपनी मां को परेशान करती थी तब मेरी मां भी मुझसे यही कहती थी। मैंने भी कह दिया। उसने जवाब में कहा, नहीं! मैं बेटा पैदा करूंगी। क्योंकि मैं अपने जैसी बेटी को संभाल नहीं पाऊंगी। मैंने कहा, अब समझ आया तुम्हें।'

## संपादकीय

# सारे प्रयास फिर भी

दुनिया भर में तपेदिक यानी क्षयरोग या टीबी को जड़-मूल से खत्म करने के लिए कई दशकों से बहुस्तरीय प्रयास चल रहे हैं। टीबी के खिलाफ पहला अभियान 1995 में शुरू हुआ था, लेकिन इतना लंबा वक्त बीत जाने के बावजूद आज भी लाखों लोग इस गंभीर बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से मंगलवार को जारी एक सौ बानबे देशों और क्षेत्रों के आंकड़ों पर आधारित विश्व तपेदिक रिपोर्ट, 2023 में यह तथ्य उजागर हुआ है कि वैश्विक स्तर पर 2022 में करीब एक करोड़ छह लाख लोग टीबी से बीमार पड़े। यानी 2021 के मुकाबले इस आंकड़े में तीन लाख की बढ़ोतरी हुई। यह सही है कि इस दौरान कोरोना महामारी की वजह से लगभग समूचा चिकित्सा तंत्र इसके शिकार रोगियों की देखभाल में लगा था और इसका टीबी से संबंधित सेवाओं पर काफी हद तक विपरीत असर पड़ा था। हालात के संभलने के बाद फिर से इस ओर ध्यान देना संभव हो सका। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि हाल के महीनों में दुनिया भर में टीबी की जांच और उपचार संबंधी सेवाओं में व्यापक सुधार हुआ है और इसके नतीजे जमीनी स्तर पर देखने में आए हैं। यह जगजाहिर रहा है कि जब तक इस बीमारी का इलाज नहीं खोजा जा सका था, तब तक दुनिया के तमाम हिस्से में लोग इसकी चपेट में आकर मरते रहे। इसके रोगियों को यह पता भी नहीं चल पाता था कि यह कौन-सी बीमारी है और इसे ठीक कैसे किया जाए। लेकिन चिकित्सा विज्ञान के विकास के साथ इसका इलाज खोजा गया और अब हर वर्ष लाखों लोगों को इससे बचाया जा रहा है। डब्लूएचओ की रिपोर्ट में भी बताया गया है कि टीबी से निपटने के वैश्विक प्रयासों से सन 2000 के बाद से अब तक साढ़े सात करोड़ से ज्यादा लोगों की जान बचाई गई है। इसके बावजूद यह अफसोस की बात है कि अब भी इस जटिल बीमारी के उन्मूलन में कोई बड़ी कामयाबी नहीं मिल सकी है और यह दुनिया का दूसरा प्रमुख 'संक्रामक हत्यारा' बना हुआ है। खासतौर पर दक्षिण-पूर्व एशिया और अफ्रीकी देशों में स्थिति अब भी ऐसी है, जिसे चिंताजनक कहा जा सकता है। यह स्थिति तब है, जब चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में लगातार प्रगति हुई, जटिल रोगों का पता चलने के बाद उनके इलाज भी खोजे गए। टीबी एक ऐसी बीमारी है, जो गंभीर और जटिल, बल्कि बिगड़ जाने पर जानलेवा भी है। कुछ साल पहले तक भारत में हर साल टीबी से पांच लाख लोगों की मौत हो जाती थी। अब भी इससे सालाना तीन से चार लाख के बीच लोगों की जान चली जाती है। सवाल है कि आज तपेदिक का कारगर इलाज होने के बावजूद अगर इतनी बड़ी तादाद में लोग इसके शिकार हो रहे हैं तो इसका क्या कारण हो सकता है।

**अर्ज किया है..!**

*सब कुछ बदल जाता है*
*उम्र के साथ,*
*पहले जिद करते थे*
*अब सब्र करते हैं...*




सत्य-प्रेम-करुणा...

*एक बात हमेशा जिन्दगी भर याद रखना किसी को धोखा मत देना.... धोखे में बड़ी जान होती है... ये कभी नहीं मरता, घूमकर वापिस एक दिन आपके पास ही पहुंच जाता है... क्योंकि इसे अपने ठिकाने से बहुत मुहब्बत होती है.... साहब....!*

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## महिला जगत

# भारत की ये चार डॉक्टर हैं हर महिला के लिए प्रेरणा, चिकित्सा क्षेत्र में किए कई चमत्कार!

राने दौर में दाई और वैद्य हुआ करते थे, लेकिन जब चिकित्सा पद्धति में बढ़ावा हुआ तो डॉक्टर आए। अधिकतर पुरुष डॉक्टरों की भीड़ में महिलाओं ने अपना स्थान बनाया। उच्च पढ़ाई और मेहनत के बल पर चिकित्सा क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता बढ़ गई। आज चिकित्सा के क्षेत्र में कई दमदार महिला डॉक्टर अपने नाम का परचम लहरा रही हैं। अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर काम कर रही हैं। इन महिला डॉक्टरों का नाम विदेशों तक मशहूर है। हालांकि महिलाओं को चिकित्सा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने का श्रेय भी कुछ महिलाओं को जाता है। यहां कुछ महिला डॉक्टरों की कहानी बताई जा रही है, जिन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में अपना अहम योगदान दिया और एक नई मिसाल कायम की।



### ◆ डॉ. भक्ति यादव

उज्जैन के पास महिदपुर में 3 अप्रैल 1926 को भक्ति यादव का जन्म हुआ। जब लड़कियों को शिक्षा के लिए संघर्ष करना पड़ता था, उस दौर में भक्ति जिद करके स्कूल गईं। एमजीएम मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस कोर्स के अपने बैच की वह पहली महिला छात्रा थीं।

1952 में एमबीबीएस की डिग्री हासिल करके उन्होंने कई जगहों पर नौकरी की और बाद में वात्सल्य नर्सिंग होम की शुरुआत की। डॉक्टर भक्ति यादव मरीजों का मुफ्त में इलाज करती थीं। काफी उम्र होने तक वह मरीजों का इलाज करती रहीं, लाखों महिलाओं का सफल प्रसव कराया। इस कारण उन्हें डॉक्टर दादी भी कहा जाता था। 2011 में उन्हें निःशुल्क चिकित्सा सेवा के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

### ◆ डॉ. आनंदीबाई जोशी

आनंदीबाई जोशी भारत की पहली महिला डॉक्टर थीं। पुणे में 31 मार्च 1865 को जन्मी आनंदीबाई की शादी 9 साल की उम्र में अपने से 20 साल बड़े युवक से हुई। 14 वर्ष की आयु में उनकी पहली संतान का जन्म हुआ। हालांकि 10 दिन बार उनके बच्चे की मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद आनंदीबाई ने डॉक्टर बनने की ठानी। इस घटना से उन्हें गहरा सदमा पहुंचा और आनंदीबाई ने डॉक्टर बनने की ठानी। पति ने उन्हें मेडिकल की पढ़ाई कराई। 1886 में 19 साल की उम्र में एमडी की डिग्री पाने वाली वह पहली भारतीय महिला डॉक्टर बनीं।

### ◆ डॉ. इंदिरा हिंदुजा

पाकिस्तान के शिकारपुर में जन्मी इंदिरा हिंदुजा देश के विभाजन के बाद भारत में आ गईं। मुंबई में कुछ समय रहने के बाद वह अपने परिवार के साथ बेलगाम चली गईं। इंदिरा ने महिला विद्यालय से पढ़ाई की और आगे मेडिकल की तैयारी की। बॉम्बे यूनिवर्सिटी से स्त्री रोग विज्ञान में एमडी की डिग्री हासिल करने के बाद अपना पूरा जीवन लोगों की सेवा में लगा दिया। 6 अगस्त 1986 में उन्होंने केईएम हॉस्पिटल में देश को पहली टेस्ट ट्यूब बेबी की सौगात देकर इतिहास रचा। चिकित्सा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए इंदिरा हिंदुजा को 2011 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

### ◆ डॉ. एमवी पद्मा श्रीवास्तव

ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (एम्स) के तंत्रिका विज्ञान विभाग में प्रोफेसर रहीं डॉ एमवी पद्मा श्रीवास्तव का जन्म 1965 में हुआ था। उन्होंने 1990 में एम्स में न्यूरोलॉजी में मास्टर डिग्री हासिल की। चिकित्सा विज्ञान में 'एम्स में कोड-रेड नामक कार्यक्रम' की शुरुआत करते हुए उन्होंने अपना अहम योगदान दिया। एमवी पद्मा एक न्यूरोलॉजिस्ट के साथ-साथ एक लेखिका भी हैं।

## Highlights

- **Will remove Periyar statues at temples if BJP elected: TN BJP chief**
- **NIA launches massive hunt for human traffickers**
- **Waterlogging in parts of Tamil Nadu, landslide blocks road in Coimbatore**
- **UP Cabinet meeting to be held in Ayodhya for the 1st time today**
- **Been planning artificial rain in Delhi for 2 months: IIT-K Prof**
- **'Come with me,' man tells woman, harasses her at Mumbai station; police respond**

# Tata Technologies seeks IPO investment from Morgan Stanley, US funds

**NEW DEIHI, (Agency).** India's Tata Technologies is in talks with Morgan Stanley Investment Management, Blackrock and some U.S hedge funds to invest in its initial public offering at a valuation of $2.5 billion, two sources with direct knowledge of the matter said.

Part of conglomerate Tata Group, the company provides engineering services for companies in the auto and aerospace sectors among others. Its IPO will be the first in two decades for a Tata Group company, which has many listed businesses including in the auto and steel sectors.

Ahead of its planned $350-375 million IPO, Tata Technologies is holding talks with U.S asset managers Ghisallo Capital, Oaktree Capital and Key Square Capital, as well as Blackrock and Morgan Stanley for possible participation in the deal.

Oaktree declined to comment while Tata and the other investors did not respond to requests for comment.




These funds are eyeing Tata's so called anchor book, where high-profile institutional investors are allotted shares before the subscription opens for retail and other investors. Reuters is the first to report these investor talks and the valuation.

"Big investors are quite excited by the Tata brand, and a profitable company with scale ... that's driving demand," the first source said.

The talks are assessing Tata Technologies' valuation to be $2.5 billion now, around 25% higher than last month when TPG picked up a 9.9% stake in a pre-IPO fundraising.

Tata's plan to sell a 14-15% stake in the IPO is seeing "more investor interest than expected", the first source said, explaining the quick valuation uptick.

The offer will open for subscriptions around Nov. 21, both sources said, in what could be one of India's biggest IPOs this year after condom-maker Mankind and Blackstone-owned Nexus Malls. The company hopes the stock will make its trading debut by late November.

# US court rules in Byju's lenders favour, allowing them to take control of a unit

**NEW DEIHI, (Agency).** Lenders of tech startup Byju's properly cited a loan default to take control of a unit, a United States court ruled. It said that they had the right to replace a board member with their nominee due to the default, rejecting Byju's complaint. The lenders' chosen director has effectively taken charge of Byju's Alpha. This is a developing story. Please get back to check for updates.



# कुम्हार ने खाया जहर, अस्पताल में तोड़ा दम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **बाणगंगा इलाके में रहने वाले एक कुम्हार ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। घर पर तबीयत बिगड़ते देख बेटी उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंची। यहां इलाज के दौरान रात में उनसे दम तोड़ दिया।**

पुलिस के मुताबिक कुम्हार खाड़ी में रहने वाले लेखराज (39) पुत्र मूलचंद कश्यप ने 6 नवबंर को जहरीले पदार्थ का सेवन किया था। उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती था। यहां गुरूवार को उसकी मौत हो गई।

रिश्तेदारों ने बताया कि लेखराज निजी फैक्ट्री में काम करते थे। त्यौहारों पर मिट्टी के दीपक और अन्य मिट्टी का सामान बनने के चलते वह छुट्टी पर चले गए थे। 6 नवबंर को घर पर ही उन्होंने दोपहर में जहर खाया और काम करते रहे। अचानक तबीयत बिगड़ी तो बेटी ने देखा। पूछने पर बताया कि दवाई पी ली है। अब नही बच पाएगें।परिवार वाले उन्हें तुंरत अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां वह बयान देने की स्थिति में नहीं थे। परिवार के मुताबिक लेखराज की दो बेटी ओर एक बेटा है। रिश्तेदारों ने बताया कि लेखराज को परिवार की तरफ से किसी तरह की परेशानी नहीं थी। बाहर का कुछ तनाव हो तो कह नहीं सकते। कर्ज को लेकर भी कोई बात सामने नही आ रही।

## पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** चंदन नगर में एक युवक पर उसके ही दो भानजों के सामने दो आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया। युवक को शरीर पर तीन जगह चोट लगी है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जाता है कि आरोपियों से पहले की रंजिश चली आ रही है। पुलिस के मुताबिक मुन्नवर पिता मुबारिक हुसैन, निवासी रजा कॉलोनी पर चाकू से हमला करने के मामले में दो आरोपियों तौफीक पुत्र इकबाल, निवासी केशव नगर और उसके दोस्त रेहान, निवासी गीता नगर के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया गया है। आरोपियों ने मुन्नवर की पसली, कमर और सीने पर चाकू से तीन वार किए।

# पब पार्टी में विवाद, मारपीट

## दूसरी घटना में ठेकेदार को रिश्तेदारों ने मारे चाकू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **कनाडिय़ा में गुरूवार रात एक पब पार्टी के दौरान चाकूबाजी की घटना हो गई। हमले में एमजी रोड़ इलाके में रहने वाले व्यापारी को चोट आई। उसे उपचार के लिये रात में पुलिस एमवाय लेकर पहुंची।**

पुलिस के मुताबिक श्रेंयाश पिता मधुसुदन निवासी मोरजा रेसीडेंसी एमजी रोड़ को कनाडिय़ा पुलिस थाने के पुलिसकर्मी एमवाय लेकर पहुंचे थे। बताया जाता है कि बायपास पर एक होटल में चल रही पार्टी में कुछ लोगो ने उन पर हमला कर दिया। जिसके चलते उन्हें चोट आई। पुलिस ने मेडीकल कराने के बाद मामले में केस दर्ज किया है।

उधर, लसूडिय़ा में देर रात दो बजे के लगभग निरजंनपुर इलाके में ओमप्रकाश पुत्र सुखलाल पर उसकी ही रिश्तेदारों ने हमला कर दिया। बताया जाता है कि रात दो बजे घर से निकालकर भतीजे ओर उनके जमाई ने रॉड ओर डंडे से सिर फोड़ दिया। गंभीर हालत में उन्हें उपचार के लिये एमवाय में भर्ती कराया गया। बताया जाता है ओमप्रकाश ठेकेदार है। रात में उनके यहां पुताई का काम चल रहा था। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## जनसंपर्क के दौरान घायल हुए अंतरसिंह दरबार, इलाज के बाद फिर चुनाव प्रचार में जुटे

इंदौर। कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पूर्व विधायक अंतर सिंह दरबार इलाज के बाद फिर घायल अवस्था में ही चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। वह ग्राम कोदरिया में जनसंपर्क के दौरान घायल हो गए थे। उनके पैरों में माला उलझ गई थी। इससे वह गिर गए थे। अंतर सिंह दरबार का शहर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। यहां डॉक्टरों ने आराम करने के लिए कहा था। दरबार के दोनों पैरों में सूजन है। उनके हाथ पैर और सिर में चोट लगी है। दरबार के भर्ती होने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में उनके समर्थक भी अस्पताल पहुंचे थे। **दरबार से मिलने पहुंचे रामकिशोर शुक्ला-** दरबार के घायल होने की जानकारी कांग्रेस प्रत्याशी रामकिशोर शुक्ला को लगी तो वह अपना जनसंपर्क छोड़ दरबार से मिलने पहुंचे थे। अस्पताल में करीब 5 मिनट तक शुक्ला ने दरबार से चर्चा की और जल्द स्वस्थ होने की बात भी कही। मीडिया से चर्चा में शुक्ला ने कहा था कि दरबार मेरे पुराने मित्र हैं। जैसे ही उनके घायल होने का समाचार प्राप्त हुआ तो जनसंपर्क छोड़ उनसे मिलने आया हूं। दरबार जल्दी स्वस्थ होकर फिर से अपना जनसंपर्क शुरू करें, यही कामना करता हूं।

## पिस्टल के साथ पकड़ाया आरोपी

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने मुखबिर की सूचना पर एमआईजी क्षेत्र में पिस्टल लेकर घूम रहे बदमाश को दबिश देकर पकड़ा है। उसका नाम सूफियान अंसारी निवासी श्री नगर कांकड़ पता चला। तलाशी में उसके कब्जे से पिस्टल जब्त हुई है। आरोपी कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर पिस्टल का फोटो अपलोड कर चुका था। क्राइम ब्रांच 7 दिनों में 4 आरोपियों को पकडक़र 9 कट्टे व पिस्टल, 15 मैगजीन, 2 राउंड जब्त कर चुकी है।

# घर में आकर बैठा चाकू खोला, फिर स्टेटस लगाया

## ◆ घर में तोड़फोड़, 17 साल की लडक़ी का सिर फोड़ा, पिता को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **लसूडिय़ा इलाके में गुरूवार रात चाकूबाजी की वारदात हो गई। एक वारदात में प्रेम युगल को लेकर चले आ रहे विवाद में 17 साल की लडक़ी के साथ सिर फोड़ दिया। बताया जाता है कि एक माह पहले बदमाश चाकू लेकर लडक़ी के घर आया। सोफे पर बैठा और चाकू दिखाया। डरा धमकाकर चले गया। उसे स्टेट्स भी लगाया। लसूडिय़ा थाने को सीसीटीवी फुटेज ओर फोटो दिया। आरोप है कि महिला एसआई ने केस दर्ज किया। लेकिन गिरफ्तारी नही की।**

एक माह बाद फिर से बदमाश अपने साथी के साथ आया ओर घर पर हमला कर फरार हो गया। मामला लसूडिय़ा थाने के राजीव आवास विहार कॉलोनी का है। यहां किशोरी को सिर ओर हाथ में चाकू लगने के चलते पिता ओर अन्य लोग रात में अस्पताल लेकर पहुंचे। किशोरी के पिता ने बताया कि एमआईजी गुरूद्वारे के पीछे रहने वाले गोल्ड़ी ठाकुर ओर उसके साथी रात में घर में आए। घर में तोडफ़ोड़ कर एलईडी ओर अन्य सामान फेंक दिया। मेरे ओर बेटे आलोक के साथ मारपीट की। जब बेटी नेहा बचाने आई तो उसका सिर फोड़ दिया और हाथ पर चाकू मारकर फरार हो गया।

किशोरी ने बताया कि एक माह पहले 10 अक्टूबर को भी गोल्ड़ी चाकू लेकर घर आया। इस दौरान कमरे में आकर सोफे पर बैठ गया। चाकू दिखाकर दोस्तो से फोटो खिचवाया ओर चले गया। उसने भाई को जान से मारने की धमकी दी। मामले में लसूडिय़ा थाने पहुंचे। आरोप है यहां एसआई खुशबू परमार को फोटो ओर घर में घुसने के सीसीटीवी फुटेज दिए। लेकिन उन्होंने सामान्य धाराओं में केस दर्ज किया। गोल्डी पर कारवाई नही हुई तो कई बार सीएम हेल्प लाईन भी की। लेकिन मदद नही मिली। रात में गोल्डी फिर से आया ओर हमला कर फरार हो गया।

## पांच साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले को 20 वर्ष का कठोर कारावास

**इंदौर।** पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले को विशेष न्यायालय ने 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने पीडिता को मप्र पीडित प्रतिकर योजना के तहत तीन लाख रुपये की राशि दिलवाए जाने की अनुशंसा भी की है। वारदात करीब तीन वर्ष पुरानी है। पीडिता की मां ने बाणगंगा पुलिस थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा था कि मैं सांवेर रोड़ स्थित फैक्ट्री में काम करती हूं। मेरा छह वर्षीय बेटा और पांच वर्षीय बेटी भी मेरे साथ फैक्ट्री जाते हैं। घटना वाले दिन भी मेरे बच्चे मेरे साथ गए थे। सुबह करीब साढ़े दस बजे मैंने बेटे से पूछा कि बहन कहां हैं तो उसने बताया कि वह तो फैक्ट्री में काम करने वाले जगपाल के पास है। मैं वहां गई तो जगपाल आपत्तिजनक स्थिति में था। भीड़ देखकर वह मौके से भाग निकला।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।